ऐसे कार्यक्रमों जिसकी सूचना पहले से दी जायेगी, मांगनुसार खाने की दरें अलग से निर्धारित कर दी जायेगी और उन्हीं दरों पर आपूर्ति करनी होगी।

25. आवंटी और रखे गये श्रमिकों/हैल्परों के बीच यदि कोई विवाद/दुर्घटना घटित होती है तो उसका दायित्व विभाग/उत्तराखण्ड शासन का नहीं होगा। सम्बन्धित आवंटी इस हेतु पूर्णतः उत्तरदायी होगा।

26. निविदादाता की कोई शर्त स्वीकार्य नहीं होगी। नियम व शर्तों के अनुरूप निविदा प्रस्तुत न किये जाने की स्थिति में प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

27. सफल निविदादाता को रू0 100.00 (रू0 एक सौ मात्र) के स्टाम्प पेपर पर नियम व शर्तों की सहमति का अनुबन्ध पत्र कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। देय स्टाम्प डयूटी निविदादाता द्वारा स्वयं वहन की जायेगी।

28. अगर न्यायालय में कोई वाद योजित होता है तो वह देहरादून स्थित सक्षम न्यायालय में होगा।

29. सफल निविदादाता द्वारा कार्यादेश जारी होने की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर रू0 12,500.00 (रू0 बारह हजार पांच सौ मात्र) सुरक्षा धनराशि के रूप में बैंक सावधि जमा/बैंक गारंटी जो निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून के नाम बन्धक होगी, बन्धक स्वरूप प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिसकी वैधता कार्यादेश के निर्गत होने की तिथि से 14 माह होगी।

---